
क्या आपके समाज में जीवन बेहतर हो जाएगा यदि :

- **आपको** नये अस्पतालों और वृद्धावस्था केंद्रों, या बीमार और वृद्ध पारिवारिक सदस्यों के लिए बेहतर हेल्थकेयर सेवाएं उपलब्ध हों?
- **आपके** बच्चे नये या बेहतर स्कूलों में या चाइल्ड केयर केंद्रों में पढ़ सकें?
- **आपका** काम पर जाना बेहतर सड़कों या विस्तारित सार्वजनिक परिवहन विकल्पों की बदौलत सुरक्षित और कम भीड़भाड़ वाला हो जाए?
- **आपको** ज्यादा वोकेशनल ट्रेनिंग मिले जो कि जॉब मिलने के बेहतर अवसर प्रदान करे?
- **आपका** स्थानीय बाजार आपके समाज में उत्पादों और सेवाओं का बेहतर वितरण कर सके?



संघीय कोषों में से प्रति वर्ष $400 बिलियन से ज्यादा के अपने समुचित अंश को प्राप्त करने में मदद करके 2010 सेंसस आपके समाज को बेहतर बनाने में सहायता दे सकता है। ये धन सेंसस डेटा के आधार पर राज्य और स्थानीय सरकारों को वितरित किए जाएंगे, और इनका प्रयोग आपके समाज की ज़रूरतों को बेहतर करने के लिए किया जा सकता है। साथ ही, 2010 सेंसस फार्म पर आपके द्वारा दी गई सारी जानकारी पूरी तरह से गोपनीय होती है और इसे कानून द्वारा अन्य सभी सरकारी संस्थाओं से सुरक्षित रखा जाता है।

आपके समाज का भविष्य।

आपके परिवार का भविष्य। आपका भविष्य।

यू.एस. सरकार 1790 से हर 10 वर्ष में एक बार सेंसस कराती रही है। यह कांग्रेस को एक सटीक तस्वीर उपलब्ध कराता है कि हमारे देश की जनसंख्या कहाँ रह रही है, और उनके लिए धन और सेवाओं को इसके अनुसार आवंटित करने में मदद करती है। यह इतिहास के सबसे छोटे सेंसस फार्म में से है, और इसके 10 सरल सवालों का जवाब देने में लगभग 10 मिनट लगते हैं। कुछ मामलों में, यह स्थानीय, राज्य और संघीय सरकारों का नये रिप्रेजेंटेटिव जिले, जनसंख्या के आधार पर, स्थापित करने में मार्गदर्शन भी कर सकता है। आपके द्वारा 2010 सेंसस फार्म को भरना सरल, महत्वपूर्ण और सुरक्षित है। आपकी भागीदारी महत्वपूर्ण है।

2010 सेंसस में भाग लेकर, आप अपने और उन लोगों के लिए बेहतर भविष्य बनाने में मदद कर सकते हैं जो आपके लिए महत्वपूर्ण हैं।


## आप अपना 2010 सेंसस फार्म डाक से वापस भेजकर अपने समाज की मदद करते हैं

2010 में अपनी गिनती करवा कर अपने समाज में बदलाव लाएं। मार्च में 2010 सेंसस फार्म आपके मेलबॉक्स में पहुंचे तो इसे भर कर वापस भेजें।

अधिक जानकारी के लिए

**2010census.gov पर जाएं**

2010 सेंसस में भागीदारी करके, आप संघीय कोषों में से प्रति वर्ष $400 बिलियन से ज्यादा का इसका हिस्सा पाने में अपने समाज की मदद कर सकते हैं ताकि उन चीजों को बेहतर किया जा सके जिनकी इसे सबसे ज्यादा जरूरत है। आपका सेंसस फार्म स्कूलों, हेल्थकेयर सेवाओं और अन्य कई चीजों को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। इसलिए, 2010 सेंसस में अपनी गिनती करवाएं और अपने समाज के भविष्य की उन्नति में मदद करें।



Issued November 2009
Form D-3288 (HI)



# 2010 सेंसस: लोगों की गिनती कैसे की जाती है

United States Census 2010
अमरीकी सेंसस
हमारा भविष्य हमारे हाथ

# 5 मुख्य चरण

## देश में हर व्यक्ति की गिनती करने के लिए।

चाहे आप नागरिक हैं या गैर–नागरिक हैं, यू.एस. में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए 2010 सेंसस में गिनती करवाना आवश्यक है। इस विशाल काम को करने के लिए सेंसस ब्यूरो द्वारा उठाए जाने वाले पांच चरण नीचे दिए गए हैं।

1 चरण 1: सेंसस की प्रक्रिया चल रही है। सेंसस वर्करों ने पिछले सेंसस के पतों और नक्शों को अपडेट (नवीकृत) करने के लिए अप्रैल और जुलाई 2009 के बीच देश भर में प्रचार किया। यह प्रक्रिया महत्वपूर्ण है क्योंकि हो सकता है कि वे भवन अब न हों जो कि पहले मौजूद थे, या हो सकता है किसी कम्युनिटी में नया निर्माण हो गया हो जिसे दर्ज किए जाने की जरूरत है।

2 चरण 2 : 2010 सेंसस फार्म मिलेगा। मार्च में देश भर में 130 मिलियन से ज्यादा पतों पर 2010 सेंसस फार्म डाक द्वारा, या किसी समय एक आधिकारिक सेंसस वर्कर द्वारा व्यक्तिगत रूप से भेजे जाएंगे। 2010 सेंसस फार्म मिलने के बाद घर में रहने वाले लोगों को इसे पूरा करके डाक से वापस भेज देना चाहिए।

3 चरण 3 : सेंसस का दिन 1 अप्रैल, 2010 है। 2010 सेंसस के आपके जवाबों में आपके पते पर रहने वाले हर व्यक्ति को शामिल किया जाना चाहिए–इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे नागरिक हैं या नहीं, और उनकी आयु क्या है। कानून के अनुसार, सेंसस ब्यूरो किसी भी सरकारी एजेंसी या कानून लागू कराने वाले ब्यूरो के साथ आपकी व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं कर सकता है।

4 चरण 4 : व्यक्तिगत रूप से मिलें क्योंकि हर व्यक्ति महत्वपूर्ण है। जिन घरों से भरे हुए 2010 सेंसस फार्म डाक से वापस नहीं भेजे जाएंगे वहां एक आधिकारिक सेंसस टेकर (जनगणना कार्यकर्ता) व्यक्तिगत रूप से जाएगा। व्यक्तिगत मुलाकातें अप्रैल के अंत में आरंभ होंगी और पूरे जुलाई तक जारी रहेंगी। आधिकारिक सेंसस टेकर के पास उनकी पहचान बताने वाला सेंसस बैज और एक बैग होगा।

5 चरण 5 : परिणाम आने पर : सेंसस ब्यूरो सभी लोगों की गिनती करेगा और उस संख्या की रिपोर्ट 31 दिसंबर, 2010 तक यूनाइटेड स्टेट्स के राष्ट्रपति को देगा। संख्या में जनसंख्या की कुल गिनती और प्रत्येक राज्य के लिए अनुमति प्राप्त यू.एस. प्रतिनिधियों की संख्या शामिल होगी।

# आपकी गिनती कहां होनी चाहिए?

2010 सेंसस के लिए, ज़्यादातर लोगों की गिनती उन घरों में होनी चाहिए जहां वे अधिकांश समय रहते या सोते हैं। हालांकि, कुछ व्यक्तियों या समूहों की जीवन स्थितियां अलग तरह की हो सकती हैं। सेंसस ब्यूरो रेजीडेंस रूल यह तय करने में मदद करते हैं कि इन व्यक्तियों की गिनती कहां होनी चाहिए।

### जीवन की विशेष स्थितियां

| जीवन स्थिति | उनकी गिनती कहां की जाती है |
|---|---|
| अपने घर पर रहते हैं और किसी अन्य जगह पर नहीं रहते | उनके घर पर |
| अवकाश या बिजनेस यात्रा पर | उनके घर पर, जहां वे ज्यादातर समय रहते और सोते हैं |
| नियमित रूप से किसी एक स्थान पर नहीं रहते या बेघरबार हैं | उस घर में जहां वह सेंसस के दिन रह रहे होंगे |

### कॉलेज के छात्र

| जीवन स्थिति | उनकी गिनती कहां की जाती है |
|---|---|
| यूनाइटेड स्टेट्स में कॉलेज में पढ़ते हुए अपने माता–पिता या अभिभावकों के साथ रहते हैं | माता–पिता के घर |
| यूनाइटेड स्टेट्स में कॉलेज में पढ़ते हुए माता–पिता के घर से बहुत दूर रहते हैं | कैम्पस में या कैम्पस से बाहर निवास |
| यूनाइटेड स्टेट्स के बाहर कॉलेज में पढ़ने वाले | सेंसस में गिनती नहीं की जाती है |

### उन स्थानों के लोग जहां लोगों के समूह रहते हैं

| जीवन स्थिति | उनकी गिनती कहां की जाती है |
|---|---|
| जिन स्थानों में लोगों के समूह रहते हैं जैसे कि जेल या कैद, ग्रुप होम्स, घरेलू हिंसा से बचाव के लिए आश्रय स्थल, और बेघर लोगों के लिए आपातकालीन या अस्थायी आश्रय स्थल | सामूहिक स्थल |

### यूनाइटेड स्टेट्स में विदेशी नागरिक

| जीवन स्थिति | उनकी गिनती कहां की जाती है |
|---|---|
| यूनाइटेड स्टेट्स में रहने वाले विदेशी नागरिक | उनके घर पर, जहां वे ज्यादातर समय रहते और सोते हैं |
| अवकाश या बिजनेस यात्रा पर यूनाइटेड स्टेट्स में आने वाले विदेशी नागरिक | सेंसस में गिनती नहीं की जाती है |
| कॉलेज में पढ़ने के लिए यूनाइटेड स्टेट्स में रहने वाले विदेशी नागरिक | कैम्पस में या कैम्पस से बाहर आवास |

### यू.एस. के सैन्य कर्मी

| जीवन स्थिति | उनकी गिनती कहां की जाती है |
|---|---|
| यूनाइटेड स्टेट्स की बैरकों में | बैरकों में |
| यूनाइटेड स्टेट्स में ऑन बेस या ऑफ बेस, लेकिन बैरकों में नहीं | उनके घर पर, जहां वे ज्यादातर समय रहते और सोते हैं |
| सेना में और विदेशों में रहने वाले लोग | घर के पते के लिए सेना के रिकार्डों का प्रयोग करते हुए गिनती |

### जो लोग एक जगह नहीं रहते हैं

| जीवन स्थिति | उनकी गिनती कहां की जाती है |
|---|---|
| एक से ज्यादा स्थान (जैसे कि वेकेशन होम्स) या रिक्रिएशनल व्हीकल (आरवी) पार्क, कैंपग्राउंड, मरीना, रेसट्रैक, सर्कस या कार्निवल जैसे अस्थायी स्थानों में रहने वाले लोग | उनके घर पर, जहां वे ज्यादातर समय रहते और सोते हैं<br>उस घर में जहां वह सेंसस के दिन रह रहे होंगे, यदि रहने का समय बराबर बंटता हो |